## खबर संक्षेप

### मां शारदा मंदिर परिसर का कलेक्टर मैहर ने किया निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार को मां शारदा मंदिर परिसर का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने निरीक्षण के दौरान आवागमन के मार्ग पर अव्यवस्थित रुप से खड़े वाहनों और रिक्शा को निर्धारित स्थलों पर ही खड़ा करने के लिये निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने परिसर की अव्यवस्थाओं और सुविधाओं के संचालन में अधिकारियों-कर्मचारियों की सुस्त कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होने मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधाओं,साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।कलेक्टर श्रीमती बाटड ने दो दिवस के भीतर परिसर अंतर्गत खुली हुई नालियों को ढकने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार जितेंद्र पटेल,सीएमओ लालजी ताम्रकार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने मां शारदा मंदिर परिसर के निरीक्षण उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत मंदिर प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जीर्णोद्धार के कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने के लिये निर्देशित किया। उन्होने एनजीओ के सहयोग से परिसर की साफ-सफाई एवं वृक्षों की परिधि में चबूतरे बनाने के निर्देश भी दिये।

### नशा मुक्ति की ली गई शपथ

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को मनाया जायेगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में इस अवसर पर पूरे जिले में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत 15 से 30 जून तक निरंतर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति ई-शपथ ली जा सकती है। राष्ट्रीय नशा मुक्ति हेल्पलाईन नंबर 14446 भी जारी किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर सोमवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी अधिकारियों को नशा मुक्ति शपथ दिलाई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोहावल मोड़ से हटायें अवैध बालू के ट्रक

**सतना।** सतना-नागौद सड़क पेप्टेक सिटी के सामने सोहावल मोड़ पर रेत से भरे ट्रकों के जमाव और अवैध रुप से बालू मंडी संचालित कर आवागमन अवरुद्ध होने की स्थिति को कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रघुराजनगर,डीएसपी ट्रैफिक,आरटीओ के संयुक्त दस्ते द्वारा सोहावल मोड़ की अवैध बालू मंडी समाप्त करने की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के बाद भी मैहर रिंग रोड बायपास और सोहावल तिराहे पर बालू से भरे ट्रकों के जमाव से आवागमन अवरुद्ध होने की शिकायतों के मद्देनजर कलेक्टर ने जिला खनि अधिकारी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होने कहा कि बालू से भरे ट्रक टीपी में दर्शित स्थान पर अनलोड होकर रेत का भंडारण करें। चौराहे और सड़क किनारे ट्रकों के खड़े रहने से दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।आवागमन भी अवरुद्ध होता है। उन्होने खनिज अधिकारी से कहा कि सड़कों के किनारे बालू से भरे ट्रको की पार्किंग पर कड़ी कार्यवाही करें। सोहावल मोड़ में बालू से भरे ट्रक खड़े पाये जाने पर खनिज निरीक्षक पर जिम्मेदारी निर्धारित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने दृश्यता में बाधक बन रही गुमटी की अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं।

## विट्स कॉलेज में गुंडागर्दी

# जूनियर छात्र ने सीनियर को मारी गोली, बाल बाल बचा

**आरोपी गिरफ्तार,कॉलेज परिसर में दहशत का माहौल जांच में जुटी पुलिस**

सिविल लाइन थाना अंतर्गत विट्स कॉलेज के सामने सोमवार दोपहर एक नाबालिग छात्र ने अपने कॉलेज के थर्ड ईयर के छात्र हिमान्शु तिवारी पर कट्टे से फायर कर दिया। संयोगवश निशाना चूक गया, सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी छात्र को धर दबोचा।







**सतना।** पुलिस द्वारा कट्टा जब्त करने के साथ अपचारी बालक के बयान दर्ज किये गये। पुलिस उसे बाल न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

**रीवा के अपराधी से मिला था हथियार**

सिविल लाइन थाने के उप निरीक्षक संदीप भारती के मुताबिक साढ़े 17 वर्षीय आरोपी रीवा जिले के सोनौरी ग्राम थाना चोरहटा का रहने वाला है।वह विट्स कॉलेज सतना में कप्यूटर साइंस का प्रथम वर्ष का छात्र है। बताया गया है कि उसे वारदात में प्रयुक्त कट्टा रीवा के एक लड़के ने दिया था,जो किसी घटना में खुद रीवा की जेल में बंद है। पुलिस द्वारा अपचारी बालक से पूछताछ कर घटना की वास्तविक वजह तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि प्राथमिक पूछताछ में कट्टे से फायर करने का उद्देश्य स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ सका।पुलिस का मानना है कि वर्तमान परिवेश में कच्ची उम्र के बच्चे असर आवेश में आकर गलत कदम उठा लेते हैं। जिसके चलते उनके खिलाफ पुलिस में प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही करनी पड़ती है।आशंका जताई जा रही है कि कॉलेज के दोनों छात्रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई,जिसके बाद अपचारी बालक ने हिमान्शु तिवारी पर कट्टे से फायर किया।

## बाल श्रम उन्मूलन की कार्यवाही करें बच्चों का दाखिला स्कूल में करायें

**बाल श्रम निशेध अधिनियम की डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की बैठक**

**सतना।** बाल एवं श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित 2016 के अंतर्गत कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने सतना शहर के चौराहों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास भिक्षावृत्ति में संलग्न स्ट्रीट चिल्ड्रन को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने विभागों के संयुक्त प्रयास से स्कूल में दाखिला कराने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर जिला टास्क फोर्स सदस्य सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एडिशनल एसपी शिवेश सिंह, प्रभारी सहायक श्रम आयुक्त हेमंत डेनियल,संचालक डॉ प्रमोद शर्मा,प्राचार्य आईटीआई बीडी तिवारी, एलडीएम गौतम शर्मा,अशासकीय सदस्य अमित सिंह,सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि बाल श्रम निषेध अधिनियम के तहत भिक्षा एवं बाल श्रम में संलग्न बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें स्कूल चले हम अभियान के तहत स्कूलों में दाखिला करायें। अभिभावकों को समझाएं और प्रोत्साहन दें कि वह अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। बच्चों से बाल श्रम कराना या भिक्षावृत्ति अपराध है। नियोजनों में 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का नियोजन प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने पर नियोजक के विरुद्ध पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इसमें 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास और 2000 से 5000 रुपये तक जुर्माने की कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने कहा कि सिविल लाइन,रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड और प्रमुख धार्मिक स्थलों के पास अक्सर बच्चे भिक्षावृत्ति में संलग्न दिखते हैं। बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होना चाहिए। महिला बाल विकास,स्कूल शिक्षा,पुलिस,श्रम एवं एनजीओ का सहयोग लेकर उनके परिवार जनों को प्रोत्साहित करें कि वह अपने बच्चों को स्कूल भेजें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि तीन दिनों में संपूर्ण कार्यवाही कर सुनिश्चित करें कि सिविल लाइन चौक एवं धार्मिक स्थलों के पास कोई भी स्ट्रीट चिल्ड्रन भिक्षावृत्ति करता नहीं दिखे। जिला स्तरीय टास्क फोर्स में सम्मिलित सदस्यों के कर्तव्यों एवं नियमित कार्य करने हेतु तैयार कार्य योजना पर भी चर्चा की गई।

### प्रभारी सहायक श्रमायुक्त के निलंबन का प्रस्ताव

**सतना।** समय-सीमा प्रकरणों की सोमवार को होने वाली बैठकों में बहुधा अनुपस्थित रहने वाले प्रभारी सहायक श्रमायुक्त हेमंत डेनियल को इस बार भी टीएल बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित पाये जाने पर कलेक्टर अनुराग वर्मा ने निलंबन प्रस्ताव तैयार भेजने के निर्देश दिये।अपने कार्यालय में उपस्थित रहते हुये प्रभारी सहायक श्रमायुक्त श्री डेनियल द्वारा अपने अधीनस्थ श्रम निरीक्षक को टीएल बैठक में भेजने पर कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट की।

### समाचार पत्र कतरनों पर करें कार्यवाही

समय-सीमा प्रकरणों की संपन्न बैठक में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि सतना जिले से संबंधित विभागों की प्रमुख समाचार पत्र कतरनें प्रतिदिन पीआरओ द्वारा डिस्ट्रिक ग्रुप में डाली जाती हैं। अपने विभाग से संबंधित पत्र कतरनों की खबरों को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करें। जांच के दौरान वस्तुस्थिति अनुसार अपेक्षित कार्यवाही करें और गलत या मिथ्या समाचार होने पर वस्तु स्थिति के बारे में पीआरओ को अवगत करायें।

# सीएम हेल्पलाईन: अगले हफ्ते नहीं आया सुधार तो कटेगा वेतन
## नॉट-अटेंड शिकायतों पर अधिकारियों को नोटिस



**सतना।**

सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जिले में 15 हजार 879 शिकायतें लंबित हैं। विभागीय अधिकारी द्वारा गंभीरता नहीं बरतने से शिकायतों की संख्या कम नहीं हो रही है। पिछले सप्ताहों से निर्देशो के बाद भी सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने अधिक शिकायत लंबित वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा है कि अगले सप्ताह की टीएल तक सुधार नहीं आने पर संबंधित अधिकारियों की दो-दो दिवस की वेतन काट दी जायेगी। सीएम हेल्पलाईन की नॉट अटेंड शिकायतों और लोक सेवा गारंटी अधिनियिम के समय बाह्य प्रकरणों में भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को 250-250 रुपये प्रति शिकायत के मान से जुर्माने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम नीरज खरे,आरएन खरे,जीतेंद्र वर्मा,सुधीर बेक,राहुल सिलाढ़यिा,डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ,नगरीय निकायों के सीएमओ सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिला अलग होने के बाद भी 15879 शिकायतें लंबित रहना चिंताजनक है। उन्होने कहा कि राजस्व अधिकारियों के कोर्ट में चल रहे प्रकरणों से संबंधित कोई सीएम हेल्पलाईन फोर्स क्लोज नहीं की जायेगी। राजस्व अधिकारी का दायित्व है कि अपने कोर्ट के प्रकरण का निराकरण कर समय-सीमा में सीएम हेल्पलाईन की शिकायत का निराकरण करें। सिविल कोर्ट,हाईकोर्ट,सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों के संबंध में निराकरण लंबित या क्लोज रखा जा सकता है। कुल शिकायतों में 3272 शिकायतें राजस्व विभाग की लंबित होने पर कलेक्टर ने एसडीएम वार समीक्षा की। रामपुर बघेलान और मझगवां में सबसे ज्यादा शिकायतों के लंबित पाये जाने पर कलेक्टर ने एसडीएम रामपुर बघेलान और मझगवां तथा उनके तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। अगले हफ्ते सुधार नहीं पाये जाने पर दो-दो दिवस की वेतन भी काटने की चेतावनी दी। जनपद पंचायतवार सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में सीईओ सोहावल,मझगवां और रामपुर बघेलान,नगरीय निकायों की समीक्षा में सीएमओ नागौद और चित्रकूट को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विद्युत वितरण कंपनी की इस हफ्ते बढ़ी 360 शिकायतों पर कलेक्टर ने कहा कि बरसात के शुरु होते ही बिजली आपूर्ति की शिकायतें बढ़ी हैं और विभाग के प्रति नकारात्मकता भी। विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का त्वरित निराकरण करायें। विभाग की 1769 कुल शिकायतें लंबित पाई गई हैं। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास की 963और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की 1290 शिकायतें लंबित पाई गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों से कलेक्टर ने कहा कि बरसात के प्रारंभ होने पर जल स्त्रोतों,हैंडपंपों की जल शुद्धता की ध्यान रखें,ताकि दूषित जल से बीमारियां नहीं फैलें। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले में स्थापित कुल 16045 हैंडपंपों में 15125 चालू है। कुल 187 नलजल योजना में 159 चालू हैं। जल जीवन मिशन के तहत 220 योजनाओं में 159 चालू हैं। जल जीवन मिशन के तहत 220 योजनाओं में से 160 पूर्ण कर ली गई हैं तथा 117 ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की गई है। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में कलेक्टर ने निराकरण की धीमी प्रगति पर जिला शिक्षा अधिकारी,डीपीसी, सिविल सर्जन,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,महाप्रबंधक सहकारी बैंक,जिला पंजीयक सह कारिता, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण,महिला बाल विकास,सहायक श्रम आयुक्त,जिला संयोजक आदिम जाति को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। समय-बाह्य प्रकरणों की समीक्षा में संबंधित अधिकारियों एवं सीएम हेल्पलाईन में नॉट अटेंड शिकायतें मिलने पर तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया,जनपद सीईओ प्रभा तेकाम,जेई केके त्रिपाठी,प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, सज्जन सिंह,चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलसचिव,डाइट प्राचार्य को 250-250 रुपये जुर्माने के मान से नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा में मई माह का 93 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण बताया गया। कलेक्टर ने नगर परिषद जैतवारा में राशन दुकानों की जांच करने एसडीएम मझगवां को निर्देशित किया। उन्होने स्कूल चले हम अभियान के शुरु होने के बाद भी स्कूलों में एमडीएम का खाद्यान्न नहीं पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त की। समय-सीमा बैठक में अनुपस्थित पाये गये डीएम नान को बिना सूचना के हेडक्वार्टर छोड़ने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पीडीएस के हितग्राहियों के केवाईसी कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र पूर्ण करने का कहा है। प्रगति नहीं आने पर सभी खाद्य निरीक्षकों को एएसओ की वेतन रोकी जायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले हफ्ते एक भी आवास कंप्लीट नहीं करने पर सीएमओ चित्रकूट,नागौद,उचेहरा,जैतवारा और बिरसिंहपुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### सड़को का करायें रेस्टोरशन, कहीं कीचड़ या जल भराव नहीं हो

समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा है कि नगरीय अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की टूट-फूट या खुदाई के कार्य के चलते कीचड़ या जलभराव की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिये। संबंधित एजेंसी और निकाय सड़को का रेस्टोरशन करायें। उन्होने बरसात के मौसम में सड़को के निचले पुल और रपटों पर पानी भरने की स्थिति में वाहनों का आवागमन रोकने बैरियर लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं।

# सतना में चाकू मार कर युवक की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार





**सतना।**

कोलगवां थाना क्षेत्र के रीवा रोड पर सरेआम चाकू मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। घायल युवक ने इलाज के दौरान रीवा में दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है वह रिटायर्ड पुलिसकर्मी का लड़का बताया जाता है बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक,मंदाकिनी विहार कॉलोनी में रहने वाले आशुतोष पयासी (24) पिता कृष्णकुमार पयासी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक अभी पढ़ाई कर रहा था,पिता अधिवक्ता हैं। रविवार रात सतना शहर की रीवा रोड पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास अज्ञात लोगों ने आशुतोष पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। उसे गंभीर हालत में सतना जिला अस्पताल ले जाया गया था। उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रीवा रेफर कर दिया था। सोमवार को इलाज के दौरान उसने रीवा में दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि मृतक आशुतोष पयासी अपने दोस्त साहिल वर्मा के साथ बैंक के पास फुलकी खाने गया था।उसके बाद वे बैंक के पास ही एक चाय की दुकान के पास रुके तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उसे एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर सीएसपी महेंद्र सिंह भी अस्पताल पहुंचे।उस वक्त आशुतोष की सांसें चल रही थीं लिहाजा उन्होंने उससे घटना की जानकारी ली। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिए आरोपियों के बारे में पता लगा रही है।



# कलेक्टर मैहर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, प्रकरणों की समीक्षा की

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मैहर,अमरपाटन,रामनगर के राजस्व वसूली के प्रकरण, नामांकन,सीमांकन,बंटवारा,भू-अर्जन,पीएम किसान एवं सीएम किसान प्रगति,ईकेवाईसी,सीएम हेल्पलाइन, अर्जित भूमियों का खसरों में इन्द्राज,खसरा सुधार के प्रकरण एवं उनका निराकरण,विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन एवं स्वामित्व अभियान,नक्शा सुधार,न्यायालयीन आदेशों के आधार पर रिकार्ड का संशोधन, आवासीय भू-अधिकार योजना,विधानसभा प्रश्न,लीज भूमि नवीनीकरण,धारणाधिकार,प्राकृतिक आपदा विभिन्न मदों की प्रकरणवार समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम अमरपाटन आरती यादव,एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,रामदेव साकेत,सुनील द्विवेदी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने माननीय उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरण एवं अवमानना प्रकरण, प्रकरणों का वरिष्ठ न्यायालयों कमिश्नर/कलेक्टर के अपीलाधीन प्रकरणों के प्रेषण की समीक्षा करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में मैहर जिले का एक प्रकरण विचाराधीन है। ऐसे ही अमरपाटन के 72 मामलों में 24,रामनगर तहसील के 48 मामलों में 26 मामले विचाराधीन हैं। विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रयास करें। कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन,बंटवारा,नक्शा और ईकेवाईसी के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी मामलों में निराकरण का प्रतिशत बहुत कम है। मामलों की संख्या काफी ज्यादा है। सभी अधिकारी दुगनी रफ्तार से कार्य करते हुए मामलों का निराकरण करते हुए 50 प्रतिशत का आंकडे को पार करना होगा। इसी प्रकार सीएम किसान और पीएम किसान निधि के हितग्राहियों का 7 दिनों के अंदर वेरीफिकेशन की प्रक्रिया को पूर्ण कर पुरानी शिकायतो को खत्म करें,ताकि हितग्राहियों को पहली किस्त का फायदा मिल सके। प्राकृतिक आपदा के लिए पोर्टल पर प्रतिदिन का विवरण दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से पहले भरने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन लाइन में मैहर 590,अमरपाटन 427 और रामनगर 198 शिकायते लंबित है। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

खबर संक्षेप

## 500 से 1000 वर्षों के हिसाब से भव्य विशाल बांदकपुर धाम कोरिडोर निर्माण की परिकल्पना

**दमोह।** बुंदेलखंड व प्रदेश के प्रमुख प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर जहां स्वयंभू शिवलिंग के रूप में भगवान भोलेनाथ विराजमान हैं। जिनको 13वें ज्योतिर्लिंग के रूप में भी भक्त मानते हैं ।बांदकपुर धाम के विकास और व्यवस्था की मांग वर्षों से उठाई जा रही है। जब से बांदकपुर मंदिर बना हुआ है लगभग 400 वर्ष होने जा रहे हैं लेकिन कोई बड़ा व्यवस्थित निर्माण कार्य बांदकपुर धाम में नहीं हो पाया है। वर्तमान पीढ़ी तो लगभग 30 ,50 वर्षों से इसी स्थिति में बांदकपुर धाम को देख रही है। दूसरी ओर हर वर्ष लगातार बांदकपुर धाम आने वाले भक्तों श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है ।जो हजारों से लेकर लाखों में पहुंच गई है। पर्वों के समय तो अब भारी भीड़ को संभालना बहुत कठिन होता जा रहा है। साथ ही भारी संख्या को देखते हुए सुविधाओं व्यवस्था की भी लगातार कमी होती जा रही है। वर्तमान की स्थिति को देखकर और भविष्य की स्थिति का आंकलन करके बांदकपुर धाम में पर्याप्त जगह और पर्याप्त संसाधन सुविधा व्यवस्था को ध्यान में रखकर ही लगभग 500 से 1000 वर्षों के हिसाब से विशाल भव्य कॉरिडोर का निर्माण बांदकपुर धाम में हो। जिसको लेकर एक लिखित सुझाव पत्र हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल और मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने जिला कलेक्टर सुधीर कुमार को शनिवार शाम बैठक में चर्चा के बाद सौंपा ।

## किसानों व नागरिकों से मौसम ऐप डाउनलोड करने की अपील

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी किसान भाई और दमोह जिले के आम नागरिक से मौसम ऐप डाउनलोड करने आग्रह किया। उन्होंने कहा इस एप में आप पाएंगे मौसम के बारे में सही और सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बारिश के बारे में सही जानकारी मिलने से खेतों में बुआई की तैयारी आसान होगी। उन्होंने बताया सर्व-प्रथम गूगल प्ले स्टोर पर जाये और मौसम आईएमडी (mausam imd) टाईप करे। उसके बाद इंस्टाल (install) बटन पर क्लिक करे। इसके बाद लोकेशन परमिशन (location permission) की अनुमति एवं अन्य प्रदान करे। इसके बाद हिंदी भाषा का चयन करे। इसके बाद आपके जिले के निम्न लिखित जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इस एप के माध्यम से वर्तमान तापमान, मौसम मे आद्रता, हवा की गति एवं दिशा एयर क्वालिटी इंडेक्स की भी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

## पुरातात्विक शिलालेखों को पहुंचाया संग्रहालय

**दमोह।** बटियागढ़ ब्लाक के फतेहपुर के मम्मा झिरिया नामक स्थल पर रखे युद्ध से सबंधित पुरातात्विक शिलालेखोंको आज नायब तहसीलदार बटियागढ़ योगेंद्र चौधरी द्वारा व्यवस्थित कर दमोह स्थित रानी दुर्गावती पुरातत्व संग्रहालय पहुंचाया गया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों कलेक्टर सुधीर कोचर ने भ्रमण के दौरान इन पुरातात्विक शिलालेखों आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए थे।

## मातेश्वरी जगदम्बा नारी आध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत

### बड़ी श्रृद्धा से मनाया गया मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी का 59वां पुण्य स्मृति दिवस

# मातेश्वरी जगदंबा धैर्यता की अवतार थीं- बहन जी





पन्ना

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा जी के 59वें पुण्य स्मृति दिवस जिसे संस्थान आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मानती है के उपलक्ष्य पर पन्ना सेवाकेंद्र में एक विशेष कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मातेश्वरी जी की शिक्षाओं को याद करते हुए उन्हें सभी भाई-बहनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बीके सीता बहन जी ने मातेश्वरी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें ओम राधे के नाम से भी जाना जाता था, दिव्य गुणों, श्रेष्ठ आचरण एवं मातृत्व स्नेह के कारण सभी उन्हें प्यार से मां कहते थे। ओम राधे ने मात्र 17 वर्ष की आयु में अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय मार्ग में समर्पित कर दिया। विश्व की सर्व आत्माओं के प्रति ममता और करुणा की भावना से पूर्ण मां जगदंबा ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका बनी

### मातेश्वरी जगदंबा धैर्यता की अवतार थीं

मातेश्वरी की धैर्यता की देवी थीं। उन्होंने कहा की मातेश्वरी जी कभी जल्दबाजी नहीं करती थीं। मातेश्वरी जी शांति का अवतार थीं। कोई भी उनके सामने आते ही शांत हो जाता था। मातेश्वरी जी अपने से छोटों को भी बहुत सम्मानजनक सूचक शब्दों से संबोधित करती थीं। मां जगदम्बा का जीवन सादगी और सरलता संपन्न था। मातेश्वरी जी की स्मृति मात्र से ही मन भाव विभोर हो जाता है। मातेश्वरी जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हजारों नारियां सृष्टि परिवर्तन के पद पर चल पड़ी और श्वेत वस्त्रधारियों का यह कारवां निरंतर वृद्धि को पाते हुए अपनी मंजिल की ओर गतिमान है। वर्तमान समय में लाखों ब्रह्माकुमारी बहनें मूल्यनिष्ठ समाज की पुनर्स्थापना के लिए निरंतर सक्रियता पूर्वक समाज को एक नई दिशा दे रही हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में नारियों को जो सम्मान प्राप्त हो रहा है वह मातेश्वरी जगदम्बा जी के अज्ञानता के विरुद्ध आध्यात्मिक चेतना के उत्कर्ष का फल है।

## मारपीट के आरोपी को 1 वर्ष का कारावास कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, कि दिनांक 19.01.2020 को समय करीब 10 बजे फरियादी संगीता साहू द्वारा इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई गई कि वह पहाडीखेरा में निवास करती है एवं घर ग्रहस्थी एवं मजदूरी काम करती है। दिनांक 19.01.2020 को समय करीब 10:00 बजे दिन की बात है। वह एवं उसका छोटा लडका पुन्नू साहू दोनो पन्ना जाने को घर से निकल कर बस स्टैण्ड आ रहे थे जो रास्ते में मुन्ना गौड़ के मकान के पास उसका जेठ अच्छेलाल साहू उसे मिला और उससे बोला कि तुम भी यहां पन्ना से आकर रूक जाती है तो कोई न कोई झगडा विवाद करती है और उसे मां बहिन की बुरी-बुरी गाली देने लगा तो उसने गाली देने से मना किया जिस पर अच्छेलाल साहू हाथ में लिये डण्डा से उसकी मारपीट करने लगा। मारपीट से उसके सिर में माथे में एवं बायें पैर के पंजा में चोटे आ गई थी और सिर में से खून बहने लगा था। मौके पर उसका लडका पुन्नू साहू उसे बचाता रहा और उसने 100 नंबर पर फोन लगा दिया। जिस पर अच्छेलाल गंदी-गंदी गालियां देकर बोला तुमने उसकी रिपोर्ट पुलिस में की तो जान से मार देगा और धमकी देकर मारपीट कर गांव तरफ चला गया। बाद में मौके पर 100 नंबर वाहन व पुलिस आ गई। उसी वाहन से वह पुलिस चौकी पहाडीखेरा रिपोर्ट को आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरियादी की घोटों का डाक्टरी मुलाहिजा जिला अस्पताल पन्ना से कराया गया। फरियादिया की एक्सरे रिपोर्ट में डाक्टर साहब द्वारा फैक्चर शार्ट ऑफ लेफ्ट फीमर लेख होने से मामले में धारा-325 भा०द०स० का इजाफा किया गया। घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। फरियादी एवं गवाहों के कथन लेख किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय श्रीमान प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अच्छेलाल साहू को धारा- 325 भादसं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## अमानगंज मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमानगंज फुबारा चौक में मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



अमानगंज

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमानगंज फुबारा चौंक मैं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस दिनांक 23/06/2024 को मनाया गया। भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष पन्ना जय प्रकाश चतुर्वेदी , पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत,ओर अरविंद गोस्वामी ने डॉ साब के जीवन के बारे में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया,आज के कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, रामलाल लखेरा, लल्लू लाल रावत, मुकेश राजू चौबे,उदय सिंह राजपूत,लखन लाल तिवारी, गजेन्द्र सिंह राजपूत, अरविंद दुबे, भूपेंद्र सिंह परमार, विजय सोनी,कमल जैन, विशाल सिंह भदौरिया, परसोत्तम सेन, बुद्धू प्रजापति, रम्मू चौधरी, विजय सक्सेना,रामू सोनी, अमित दुबेदी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम का आभार राजदीप गोस्वामी ने किया।

## शासकीय विद्यालयों में प्रवेश को लेकर कक्षा-1 में 6 वर्ष की उम्र को लेकर अब शिक्षा को लेकर निजी विद्यालयों में भी क्या यही पड़ाव उम्र का होगा तय

### नर्सरी से प्रवेश तीन वर्ष तो फिर निजी विद्यालयों में प्रवेश का पैमाना पहले से ही तय हो जाता है शासकीय विद्यालयों में जहां 6 वर्ष तक का इंतजार

**पन्ना।** जिस तरह से अब प्राथमिक शिक्षा में पढने की पहली क्लास से ही उम्र का पैमाना तय कर दिया गया है। जो 6 वर्ष प्रवेश के लिए माना जा रहा है। वहीं सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि निजी विद्यालयों में जहां नर्सरी से इंग्लिस मीडियम विद्यालयों में प्रवेश तीन वर्ष से ही ले लिया जाता है। वहीं कक्षा-1 में पहुंचने तक उम्र 6 वर्ष का पड़ाव तय करेगी। जिससे ये तीन वर्ष निजी विद्यालयों में जहां कक्षा एक तक पहुंचने के लिए क्या समय जाया किया जायेगा। या फिर इस निर्देश का कहीं न कहीं किनारे करने का कारनामा किया जायेगा। जो कक्षा-1 में 6 वर्ष की आयु को लेकर निश्चित किया गया है। वहीं शासकीय विद्यालयों में प्रवेश को लेकर वैसे भी कहीं न कहीं अब मजबूर हालात के लोग शिक्षा दिलाने को लेकर बेहतर मान रहे है। मजबूरी के चलते। जबकि निजी विद्यालयों में सक्षम तबके के लोग अच्छे खासे फीस देकर पढ़ाना उचित मानते है। जबकि निजी विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षक निश्चितौर पर शासकीय शिक्षकों से कहीं न कहीं प्रशिक्षण या योग्यता दोनों में मुकाबला नहीं किया जा सकता। जहां शासकीय विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक तथा योग्य शिक्षक जो अपनी दक्षता साबित करके ही इस मुकाम तक पहुंचते है फिर भी वे शासकीय विद्यालयों में शिक्षा दिलाना उचित नहीं मानते। इसके पीछे क्या होगी पड़ताल। वहीं शासकीय विद्यालयों में प्रवेश के हालात निजी विद्यालयों की तुलना में इस समय भारी अंतर को बयां करते है। दिन-प्रतिदिन शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या स्वमेव साबित करती है। जिससे आगे आने वाले समय में इसी तरह के हालात अगर बने रहे तो फिर शासकीय विद्यालयों में प्रवेश को लेकर सायद हालात और दयनीय होगें। वहीं निजी विद्यालयों में जिस तरह से उनके खाते में राशि प्रदान की जाती है जो बच्चे बीपीएल सूची में आते है। जिन्हें वहां शिक्षा प्रदान की जाती है। सरकार उनके खाते में जब राशि डाली तो फिर शासकीय विद्यालयो में पढाना लोग क्यों उचित मानेगें। जबकि शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार के द्वारा स्वयं ही चिंतन करना होगा निजी विद्यालयों की तुलना में शासकीय विद्यालयों को मजबूती प्रदान करने के लिए समय रहते ठोस कदम तय किये जाने चाहिए वहीं शासकीय विद्यालयों को सुविधाजनक शिक्षा प्रदान करने के लिए बेहतर संसाधन भी जरूरी है। वहीं शिक्षक को शिक्षा प्रदान करने के लिए ही स्वतंत्र किया जाना चाहिए न कि अदर विभागों में उनकी सेवायें जो समय-समय पर ली जाती है। सायद इन्हें तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए ताकि शिक्षा की स्तंत्रता शिक्षक के पास हो ताकि शासकीय विद्यालयों में शिक्षा के बेहतरी के हालात तय हो जिससे शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य निजी विद्यालयों से बेहतर जाना जाये जिससे खोई हुई प्रतिष्ठा जो समय के आभाव व शिक्षकों की मजबूरी के चलते हालात बने हुए है। उन्हें पुनः कर्तव्यनिष्ठ बनाकर शासकीय विद्यालयों में शिक्षा का विश्वास समाज में कायम करना होगा। तभी शासकीय विद्यालयों में लोग अपने बच्चों को शिक्षा दिलाना उचित मानेगें।

## जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम पवई एसडीएम को सौंपा ज्ञापन अध्यक्ष, पदस्थ कर्मचारियों पर लगाए भ्रष्टाचार एवं मनमानी के आरोप



**पवई।** पवई जनपद पंचायत के सभी वार्डों के सदस्यों ने एकजुट होकर सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर जनपद अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कर्मचारियों पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम पवई एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि जनपद पंचायत में बगैर उनकी सहमति के अध्यक्ष एवं कार्यपालन अधिकारी के द्वारा कार्ययोजना बनाकर मनचाहे कार्यों को स्वीकृत किया जाता है, साथ ही आवंटित महत्वपूर्ण कार्यों हेतु पंचायत में कमीशन लेकर वितरण किया जाता है। जबकि सदस्यों की इसकी जानकारी तक नहीं दी जाती। उन्होंने बताया कि पवई के जनपद अध्यक्ष, अधिकारी उप यंत्रियों की साठ गांठ से शासन की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा के अंतर्गत समस्त कार्यों को मजदूरों से न करा कर मशीनों से कराया जाता है एवं सरपंचों से कमीशन लेकर राशि को बन्दर बांट किया जाता है,जिससे हम जनपद सदस्यों के आत्म सम्मान एवं पद की गरिमा समाप्त हो रही है, इसको बनाए रखने के लिए तुरंत सुनवाई करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर उन्होंने सर्वसम्मति से धरना प्रदर्शन एवं पदों से त्यागपत्र देने की बात कही। इस मुद्दे पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना पुष्पराज राजे ने क्या कुछ कहा सुनते हैं।

## अंतिम संस्कार में गए शख्स को सर्प ने डसा, जिंदा सांप को पकड़कर अस्पताल पहुंच गया



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ में एक अनोखा और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिसे देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज, उनके परिजन व अस्पताल का स्टाप आश्चर्यचकित रह गया। कुछ लोग तो डर कर अस्पताल के बाहर चले गए।दरअसल, अजयगढ के माधौगंज में रहने वाला बबलू सोनकर पिता बैजू सोनकर 24 वर्ष अपने रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने पन्ना रोड स्थित श्मसान घाट पहुंचा था। जहां अचानक युवक के पैर में एक विषैले सांप ने काटा और भागने लगा। युवक को जब दर्द हुआ और उसने देखा कि उसे सांप ने काट लिया है तो तत्काल युवक ने हिम्मत दिखाते हुए रिस्तेदारो की मदद से काटने बाले सांप को ही पकड़ लिया। फिर अपने साथ बोरी में भरकर अजयगढ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंच गया। जिससे वहां हड़कंप मच गया।

## अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष भाजपा मंडल महामंत्री श्रीमती सरिका शारदा खटीक के जन्मदिवस पर नगर में हुए विभिन्न कार्यक्रम जनता ने मनाई खुशी



**अमानगंज।** अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष भाजपा मंडल महामंत्री श्रीमती सरिका खटीक के जन्मदिवस पर महिला मोर्चा मंडल मंत्री श्रीमती गीता पांडे ने अपने ग्राम कमताना की आराध्य देवी मां कामता के मंदिर में आज दिनांक 24 जून 2024 को रामधुन ओर भंडारा किया जिसमें शामिल हुई नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती सरिका खटीक उसके बाद नगर अमानगंज के युवा समाजसेवीओ ने नगर परिषद अध्यक्ष के जन्मदिवस पर अमानगंज रेस्ट हाउस में किया वृक्षारोपण ओर सभी ने केक काटकर मनाया जन्मदिन जिसमें शामिल हुए भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चौबे, पार्षद श्री मती स्वाति सोनी, बृजेश राजपूत, रामलाल लखेरा, गजेन्द्र सिंह राजपूत, चन्द्र शेखर मिश्रा, नरेंश सिंह राजपूत, श्री मती प्रीति गोस्वामी, नीता गुप्ता, एवं समस्त युवा समाजसेवी नगर परिषद के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महादेव के कैलाश धाम को बचाने भारत तिब्बत सहयोग मंच की कार्यकारिणी घोषित




**पन्ना।** चीन मध्य एशिया पर कब्जा करने की सोच रखता है। उसने 1950 में देवाधिदेव महादेव के धाम कैलाश मानसरोवर जो तिब्बत में स्थित है उस पर कब्जा कर रखा है। उसको बचाने के लिए पन्ना में भारत तिब्बत सहयोग मंच बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संजय खरे को संघ का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके साथ ही संरक्षक पद पर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज केसरवानी को नियुक्त किया है। जिला मुख्यालय के स्थानीय सर्किट हाउस में रविवार 23 जून को राष्ट्रीय संयोजक इन्द्रेश कुमार के निर्देशन में आयोजित भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक में मध्य क्षेत्र, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष, पूर्व विधायक गिरिराज पोद्दार के मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित कर कई मुद्दों पर चर्चा हुई। वही पन्ना जिले के विभिन्न पदों पर कार्यकारिणी भी घोषित की गई। पन्ना शहर के संजय खरे को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया वहीं मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष, मनोज केसरवानी संरक्षक,कैलाश मोदी मार्गदर्शक बनाए गए। मीडिया को जानकारी देते हुए समाजसेवी एवं भारत तिब्बत सहयोग संघ के नवनियुक्त संरक्षक मनोज केसरवानी ने कहा कि तिब्बत में स्थित देवाधि देव महादेव के धाम कैलाश मानसरोवर करोड़ो हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। तिब्बत को चीन के कब्जे से छुड़ाकर एक बार फिर मानसरोवर को आजाद कराने के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच के माध्यम से हिंदुओं की आस्थाओं को बचाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच के माध्यम से आल इंडिया स्तर पर जन आंदोलन किया जाएगा। ताकि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र मानसरोवर को आजाद कराया जा सके। इस दौरान प्रमुख रूप से रामेश्वर गुप्ता,राजेंद्र कुशवाहा, राजकुमार वर्मा, विशाल साहू,सोनू दहायत, मनीष गुप्ता ,रवि तिवारी,संजय खरे,दिनेश गोस्वामी,संदीप जड़िया,सुन्नु गुप्ता,अंकुर रजक, रामेश्वर,संतोष कुमार रैकवार,मुकेश कुमार विश्वकर्मा, कैलाश मोदी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गरीब पीड़ित वृद्ध के लिए युवा ने किया रक्तदान

छतरपुर। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान बताया कि मुकेश नागर उम्र 55 वर्ष को ब्लड की अत्यंत कमी थी ब्लड की अति आवश्यकता थी। विडंबना ये थी कि पीड़ित का ग्रुप का रेयर ए नेगेटिव था मुकेश के परिवार में किसी का उक्त ग्रुप नही था। पीड़ित के भाई ने अपनी समस्या बताई कि पूर्व में ब्लड न मिलने पर हम लोग वापिस अस्पताल से छुट्टी कराकर ले गए थे दोबारा हालत बिगड़ने पर पुनः भर्ती किया और 10 दिन हो गए अभी तक ब्लड नही मिला है तब तुरंत ग्रुप के प्रयास करने पर युवा अफजल खान ने आगे आकर रक्तदान किया और कई दिनों से रक्त के लिए भटक रहे पीड़ित की सहायता की। अफजल ने कहा ये मेरा पहला रक्तदान था कई दिनों से में आपाजी ब्लड ग्रुप की सेवा से प्रभावित था जिसके कारण आज में रक्तदान करके बहुत प्रसन्न हूं।

### काउंटर लगाकर पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

छतरपुर। 23 से 25 जून तक चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को जिला अस्पताल परिसर में काउंटर लगाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। काउंटर पर दवा पिला रहीं नर्स मेघा पटेल ने बताया कि जिला अस्पताल में अपने अभिभावकों के साथ आने वाले बच्चों को वे दवा पिला रही हैं। दोपहर 12 बजे तक उन्होंने आधा सैकड़ा से अधिक बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। इसके साथ ही उनके द्वारा लोगों को आवश्यक रूप से पोलियो की दवा अपने बच्चों को पिलाने की अपील भी की गई।

### बारिश के बाद किसानों ने शुरु की बोवनी



छतरपुर। जिले में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद कई इलाकों के किसानों ने बोवनी का कार्य शुरु कर दिया है और इसके साथ किसान खाद खरीदने के लिए भी पहुंचने लगे हैं। शुरुआत दौर में ही किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सोमवार को जिला मुख्यालय के पन्ना रोड पर स्थित खाद के गोदाम के बाहर बड़ी संख्या में किसान खड़े मिले, जिनका कहना था कि न तो उन्हें खाद मिल रहा है और न ही केन्द्र पर पानी और छांव की व्यवस्था है। ग्राम नैगुवां से आए किसान राघुनाथ अहिरवार ने बताया कि वे सुबह 10 बजे से लाइन में लगे हैं लेकिन दोपहर 3 बजे तक उन्हें खाद नहीं मिला है। केन्द्र पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही धूप से बचने के लिए छांव की व्यवस्था। मजबूरी में किसानों को धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है। वहीं ग्राम गोपालपुरा से आए किसान महेश पटेल ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश के बाद खेतों की जुताई का कार्य शुरु हो गया है। बोवनी के लिए डीएपी खाद की आवश्यकता है जो कि अभी नहीं मिल पा रहा है।

### निजी एंबुलेंस संचालकों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत बीते रोज निजी एंबुलेंस चालकों के बीच हुए विवाद में एक एंबुलेंस चालक ने दूसरे एंबुलेंस चालक सहित उसके मालिक पर भी मामला दर्ज कराया है। सोमवार को निजी एंबुलेंस संचालकों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए एंबुलेंस मालिक को मामले में झूठा फंसाए एवं मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। एसपी को आवेदन देते हुए निजी एंबुलेंस संघ अध्यक्ष संदीप सैनी ने बताया कि नईम खान उर्फ मोनू डाकखाना चौराहा छतरपुर का मूल निवासी है जहां वह परिवार सहित रहता है नईम के पास निजी एंबुलेंस है जिससे ड्राईवर राशिद खान मरीजों को लाने-ले जाने का काम करता है। दिनांक 22 जून 24 को रात 11 बजे नईम खान की एंबुलेंस के चालक राशिद का किसी बात को लेकर दूसरी एम्बुलेंस के ड्राईवर केशव पटेल से विवाद हो गया था।

## खुशियों की किलकारी

# गंभीर कुपोषित बच्चे अनिल ने मात्र 14 दिन में कुपोषण को दी मात, 480 ग्राम वजन बढ़ा

### जिलेभर की एनआरसी में मां की काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पोषण अभियान के तहत विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत जिले में कुपोषित बच्चे हैं उनका चिन्हांकन करते हुए उनकी 12 हफ्ते एक विशेष प्रोटोकॉल के तहत देखभाल की जाती है।



छतरपुर। जो बच्चे अति गंभीर कुपोषित है उन्हे एनआरसी में रखा जाता है। जिसके तहत हर हफ्ते मैदानी टीम द्वारा उनके घरों पर विजिट करते हुए शुरुआत के दिनों में 5 दिनों की दवा दी जाकर अतिरिक्त पोषण आहार दिया जाता है और माता पिता को समझाइश दी जाती है। जो बच्चें घर या आंगनवाड़ी स्तर पर ठीक नहीं होते हैं उनको एनआरसी में भर्ती कर ईलाज व विशेष देखरेख में उन्हें स्वस्थ्य किया जाता है। आंगनवाड़ियों में पोषण बाटिकाओं का आयोजन किया जाता है। जिससे भोजन के अलावा जो भी सूक्ष्म पोषण होते है की परिवारजनों को जानकारी मिल सके जिससे वह पोषणयुक्त रहे।

ऐसी ही एक सफलता की कहानी है नन्हें बच्चे अनिल की जो बिजावर के गुलगंज के निवासी हैं। अनिल की मां नन्नी वाई व पिता गोविन्दी कुशवाहा ने बताया कि हम पति पत्नी मजदूरी का काम करते हैं अनिल उनका पहला बच्चा है। जिसका जन्म शादी के 5-6 साल बाद हुआ। उन्होंने बताया कि अनिल का जन्म 15 फरवरी 2024 को हुआ था और जन्म के समय बच्चे वनज 2 किलो का था और फिर बच्चे का वजन घटने लगा इस बात की जानकारी गुलगंज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला अवस्थी को दी। जिन्होंने तत्काल एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र) बिजावर में 20 अप्रैल को बच्चे को भर्ती कराया। भर्ती के समय बच्चे का वजन 1 किलो 910 ग्राम था। बच्चे के साथ में मां भी एनआरसी में रही जिनको पोषक प्रशिक्षक निष्ठा भट्ट द्वारा लगातार काउंसलिंग की गई। जिसमें बच्चे को सही ढंग से कैसे स्तनपान कराना है। कैसे बच्चे से जुड़ाव और लगाव करना है इत्यादि गतिविधियों के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चे का जरूरी उपचार किया गया और मां को नियमित पोषण आहार दिया गया। मां और बच्चे 14 दिन तक एनआरसी में रहे। एनआरसी में बच्चे का वजन मात्र 14 दिन में ही 2 किलो 480 हो गया। पोषक प्रशिक्षक ने बताया कि बच्चे लगभर 70 ग्राम प्रतिदिन वजन बढ़ता रहा जिससे डिस्चार्ज के वक्त बच्चे का वजन 480 ग्राम बढ़ गया। पोषण के संबंध में मां की सही ढंग से काउंसलिंग और एनआरसी में बेहतर उपचार से नन्हा बच्चा कुपोषण से जीत गया और अब पूर्णतः स्वस्थ्य है। अनिल के माता.पिता ने शासन प्रशासन और महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### ब्रह्माकुमारीज़ नौगांव सेवा केंद्र द्वारा मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी का 59वां पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया

छतरपुर। ब्रह्माकुमारीज़ नौगांव सेवाकेंद्र द्वारा संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मम्मा- जगदंबा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। छतरपुर सेवाकेंद्र से पधारी बीके शैलजा बहन ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि मम्मा का जन्म सन 1919 में अमृतसर में हुआ था जिनका बचपन का नाम ओम राधे था वह मात्र 17 वर्ष की आयु में ही इस ईश्वरीय कारोबार में पूर्ण रूप से समर्पित हो गई थी। मम्मा दैवीय गुणों से भरपूर तथा उनके अंदर ज्ञान की पराकाष्ठा थी। सभी की मां जैसी पालना करती थी इसलिए सभी उन्हें प्यार से मम्मा कहते थे। शैलजा बहन ने मम्मा को याद कर उनकी विशेषताओं का वर्णन करते हुए बताया कि मम्मा के अंदर इतनी शक्ति थी कि कैसी भी विरोधी, क्रोधी एवं अहंकारी उनके सामने आते थे तो वह मम्मा की दृष्टि से ही उनके सामने नतमस्तक हो जाती थे। मम्मा ने अपने प्रैक्टिकल कर्मों से दूसरों को शिक्षा दी। छतरपुर से पहुंची हुई पांच कन्याओं द्वारा मुस्कान, अंजलि, खुशबू, प्रियंका एवं शिवांगी बहनों द्वारा बहुत सुंदर नृत्य किया गया जिसने सभी को मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की याद दिला दी। इस अवसर पर शैलजा बहन, नौगांव राजा साहब पृथ्वी सिंह बुंदेला, रानी साहब माया सर्वानी, बीके रीना, बीके मोहिनी एवं समस्त शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने जगदम्बा मातेश्वरी को पुष्पांजलि अर्पित की और उनसे शक्तिशाली दृष्टि लेते हुए स्वयं के जीवन से कमी कमजोरी को निकालने का पूर्ण संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद दिया गया।

# चोरों का अड्डा बना जिला अस्पताल, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

## लगातार हो रहीं चोरियां, एक महिला पकड़ी, साथी हुए फरार

छतरपुर। जिला अस्पताल इन दिनों चोरों का अड्डा बना हुआ है, पिछले कुछ दिनों से लगातार यहां से चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। बाईक चोरी से लेकर लोगों के जेब से पैसे चोरी होने के एक दर्जन से अधिक मामले पिछले एक सप्ताह में सामने आए हैं, जिसके चलते अब जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सोमवार की दोपहर में जिला अस्पताल के भीतर एक महिला को पकड़ा गया है जिस पर आरोप है कि वह लिफ्ट में मौजूद लोगों की जेब से पैसे चोरी कर रही थी। यह भी बताया गया है कि महिला के कुछ अन्य साथी भी थे, जो भागने में कामयाब हो गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल में कुछ लोग लिफ्ट से ऊपर के वार्डों में जा रहे थे, तभी एक महिला ने हाथ की सफाई दिखाते हुए लोगों की जेब से पैसे निकाल लिए। लिफ्ट में मौजूद एक व्यक्ति ने महिला के कारनामे को देखा तो शोर मचा दिया और महिला को रंगे हाथों पकड़कर अस्पताल चौकी के हवाले कर दिया गया। महिला को पकड़ने वाले लोगों का कहना था कि अस्पताल में उसके कुछ अन्य साथी भी थे जो कि महिला के पकड़े जाने के बाद यहां से भाग गए हैं। देवपुर निवासी प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि महिला ने उसकी जेब से 3900 रुपए निकाले हैं। वहीं खैरी निवासी रामपाल का कहना था कि उनकी जेब से 900 रुपए चोरी हुए हैं। लोगों का कहना था कि कुछ पैसे पकड़ी गई महिला के पास हैं, जबकि कुछ रकम उसके साथी लेकर भाग गए हैं। महिला के पकड़े जाने के बाद पिछले दो-चार दिनों में चोरी का शिकार हुए लोग भी सामने आए। ग्राम शिवराजपुर निवासी छोटे लाल कुशवाहा ने बताया कि दो दिन पहले रात के वक्त उसकी भाभी के 1300 रुपए चोरी हुए थे। वहीं एक अन्य महिला ने बताया कि तीन दिन पहले उसके वृद्ध दादाजी के जेब से 3 हजार रुपए चोरी हुए थे और पकड़ी गई महिला ने आज उसके पैसे भी चोरी किए हैं। एक अन्य युवक ने भी कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में उसके 6000 रुपए चोरी होने की बात कही है। गौरतलब है कि पैसे और वाहन चोरी होने की घटनाएं जिला अस्पताल में आम हो गई हैं। लंबे समय से चोरियों का यह सिलसिला चला आ रहा है लेकिन पुलिस की उदासीनता और जिला अस्पताल की लचर सुरक्षा व्यवस्था के चलते इन घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है।



# डकैती की योजना बनाते हथियार सहित 3 बदमाशों को दबोचा, तीन फरार

## भदर्रा गांव में डकैती डालने की योजना बना रहे थे आरोपी

हरपालपुर। थाना पुलिस ने बीती रात हरपालपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम भदर्रा की पहाड़ी के नीचे 6-7 बदमाश इक_ हैं जो हथियार से लैस होकर आधी रात में भदर्रा या किसी अन्य जगह डकैती जैसी जघन्य वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। हरपालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना पुलिस ने तीन टीम बनाकर मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना हुई। पुलिस ने बताए गए स्थान को घेराबंदी कर बदमाशों को पकडऩे का प्रयास किया चूंकि उस जगह पर अंधेरा था इसलिए अंधेरे का लाभ उठाकर तीन आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए। थाना पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे नगर में बीते रोज हुई घटनाओं को लेकर पूछताछ शुरू करने के साथ ही फरार हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। टीआई राकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश थाना क्षेत्र के भदर्रा गॉव की पहाड़ी पर एकत्रित होकर भदर्रा गॉव किसी के यहाँ डकैती की योजना का तानाबाना बुन रहे हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही टीआई



साहू तीन टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और मुखबिर द्वारा बताए गए पहाड़ी को चारों ओर से घेराबंदी कर बदमाशों को घेर लिया। पुलिस से घिरा देख तीन बदमाश रात के अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकले।

### कट्टा, तलवार व अन्य हथियारों से थे लैस

पुलिस ने घेराबंदी कर तीन बदमाश रोहित राजपूत पिता प्रकाश राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम इटौरा थाना मझगांव जिला हमीरपुर उ.प्र., कपिल सेन पिता संतोष सेन निवासी उम्र 20 वर्ष निवासी बुड़ौरा थाना पनवाड़ी जिला महोबा उ.प्र. व आशू राजपूत पिता सिद्धगोपाल राजपूत निवासी कुल्हेड़ा थाना मझगुवां के कब्जे से एक 315 बोर देशी कट्टा, एक मोटोरोला कम्पनी का स्काई ब्लू रंग का मोबाइल, एक लोहे की तलवार, रियल मी की कम्पनी का नीले रंग का मोबाइल, एक लोहे की सब्बल एक एप्पल कम्पनी की लोगो बना सफेद आइफोन एवं काले रंग की बिना नम्बर की अपाचे बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि मौके से शिवेन्द्र राजपूत निवासी इटौरा, शिवम राजपूत कुल्हेड़ा व अमित राजपूत निवासी परा खेड़ा उत्तर प्रदेश फरार हुए हैं। पकड़े गए बदमाशो ने भदर्रा गॉव में किसी के यहाँ डकैती डालने की योजना बनाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो ये शातिर बदमाश हैं और इनके खिलाफ कई आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही हैं पुलिस ने गिरफ्तार किए गए बदमाशों से पूछताछ करने के उपरांत सोमवार को न्यायालय के समझ पेश किया जहाँ उन्हें जेल भेज दिया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी राकेश साहू, एसआई अरविंद यादव, एएसआई केएल दहिया, हरिनारायण अनुरागी, प्रधान आरक्षक ह्रदेश सिंह, सुरेंद्र यादव, आरक्षक संदीप यादव, रंधौर, कन्हैया, हरिप्रकाश गर्ग, मनोज जाटव, दिनेश कुमार कुशवाहा आरक्षक पुष्पेन्द्र अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा।

### डीबीएल कंपनी निगाही के पूर्व कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय के सामने बैठे अनिश्चिकालीन हड़ताल पर



सिंगरौली। लीप बिल्डिकान कंपनी निगाही के पूर्व कर्मचारी लगभग 500 लोग एक साथ अपनी रोजगार की माँगो को लेकर कलेक्टर कार्यालय के सामने अनिश्चिकालीन हड़ताल व धरना प्रदर्शन कर रहे है।आज से भूख हड़ताल भी शुरू हो गई है और अनवरत जारी रहेगी।डीबीएल के पूर्व कर्मचारियों ने बताया कि कई बार हड़ताल करने पर जिला प्रशासन व कम्पनी प्रबंधन के द्वारा जो आश्वासन दिया जाता है उसका पालन नहीं किया जाता है।इस कारण सभी डीबीएल के पूर्व कर्मचारी जिला प्रशासन व कंपनी प्रबंधन पर काफी नाराज दिखे।तथा सभी जिम्मेदारों को चेताया है कि अगर दो दिन के अन्दर निर्णय नही होता है तो हम सब अपनी रोजगार की माँग को लेकर खदान मे भी अनिश्चिकालीन हड़ताल के लिए बाध्य हो जायेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।डीबीएल कर्मियों ने बताया कि हम लोग लगातार कई वर्षो से एनसीएल के निगाही खदान मे ओबी हटाने वाली कंपनी मे कार्य कर रहे है।जब भी ओबी हटाने वाली कंपनी का कार्य खत्म होता है तो जो नई कंपनी आती है यहाँ कार्य करते है जिसमें विस्थापित, प्रभावित, स्थानीय व कई वर्षो से कार्य कर रहे कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर कंपनियां रोजगार देती रही है।इसके पहले डीबीएल के कर्मी बीजीआर, वीपीआर, डीबीएल डेको व डीबीएल मे कार्य करते आ रहे थे।आगे डीबीएल कर्मियों ने बताया कि जिला प्रशासन से कलेक्टर, एसडीएम के आदेश के वावजूद भी पीसी पटेल कंपनी के द्वारा खुलेआम उल्लघंन करते हुए यहाँ नेताओ के दलाली के कारण भर्तीया नही कर रही है।आगे डीबीएल के कर्मचारियों ने बताया कि हम लोगो के द्वारा दो बार अनिश्चिकालीन हड़ताल कि गई थी लेकिन एसडीएम के समझौते के आधार पर हड़ताल खत्म कर लिये थे तथा पीसी पटेल कंपनी प्रबंधन के द्वारा डीबीएल के तीन सौ लोगो को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन पीसी पटेल कंपनी के द्वारा एक भी लोगो की भर्ती नही की गई है और न ही लिखित दे रहा है।जिला प्रशासन से एसडीएम के द्वारा कहाँ गया था कि जाँच कर भर्ती की जाएगी। डीबीएल के कर्मचारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारी मिलकर पीसी पटेल कम्पनी व एनसीएल का कार्य बाधित करेंगें।

# सामाजिक मतभेद को मिटाने पुलिस ने आयोजित किया जनचेतना कार्यक्रम

छतरपुर। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले में आम जनमानस से जन संवाद करते हुवे भय मुक्त वातावरण व समस्याओं की जानकारी हेतु निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इसके साथ ही आम जनमानस में सामाजिक मतभेद एवं पुरानी बुराई मिटाने हेतु जन चेतना शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गत रोज मातगुंवा थाना क्षेत्र के ग्राम चौका में बिजावर एसडीओपी शशांक जैन एवं मातगुंवा थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा ग्राम चौका में जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जन चेतना शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों से जन संवाद कर सामाजिक मतभेद व पुरानी बुराई को मिटाने हेतु समझौता करवाया गया। इसके साथ ही एस सी एस टी के प्रकरण जिसमें शासन द्वारा राहत राशि या अन्य सुविधाएं प्रदाय की जाती हैं, के संबंध में भी जागरूक किया गया। ग्राम वासियों से जन संवाद में ग्राम वासियों से आगे विवाद उत्पन ना करने एवं शांतिपूर्ण रहने हेतु सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों, सामाजिक मतभेद व पुरानी बुराई वाले दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता भी करवाया गया। जन चेतना शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा ग्राम में पुरानी बुराई को खत्म कर शांतिपूर्ण रहने हेतु वचन भी लिया गया।



# प्रेम-प्रसंग के चलते प्रेमी और प्रेमिका ने की आत्महत्या

## पेड़ पर लटका मिला युवक, घर में पड़ी मिली महिला की लाश

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे दोनों शव, शुरु हुई जांच

छतरपुर। सोमवार को लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली पठा चौकी क्षेत्र के ग्राम पुरा से एक बेहद सनसनीखेज घटना सामने आई है। दरअसल यहां गांव के ही एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मृतक की जेब से सुसाइड नोट बरामद किया। सुसाइड नोट में एक महिला की मौत का जिक्र था और उसका शव मृतक के घर में होने की जानकारी थी। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस मृतक के घर पहुंची जहां पुलिस को महिला का शव मिला। यह पूरा घटनाक्रम दोनों मृतकों के बीच चल रहे प्रेम-प्रसंग के कारण घटित हुआ है, जिसकी विवेचना पुलिस ने शुरु कर दी है।

**यह है मामला** - प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को पठा चौकी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पुरा निवासी 38 वर्षीय अतुल पुत्र संतोष तिवारी का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को फंदे से नीचे उतारकर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट और उसके घर की चाबी मिली। जैसे ही पुलिस ने सुसाइड नोट पढ़ा वैसे ही पुलिस के भी हाथ-पैर फूल गए। दरअसल मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में घटना से पहले की कहानी लिखी हुई थी, जिसमें एक और मौत का जिक्र था। सुसाइड नोट से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस मृतक के घर पहुंची जहां पुलिस को एक महिला की लाश मिली, जिसकी शिनाख्त 45 वर्षीय लल्ला बाई निवासी ग्राम दिदवारा के रूप में हुई। उल्लेखनीय है कि यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग का है, जिसमें पहले प्रेमिका ने आत्महत्या की और इसके बाद डर के कारण प्रेमी ने भी मौत को गले लगा लिया। फिलहाल पुलिस ने एफएसएल टीम बुलाकर दोनों घटना स्थलों का बारीकी से निरीक्षण कराकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं और मामले की विवेचना की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए



?भिजवाया गया है।

**प्रेम-प्रसंग का है मामला, सुसाइड नोट से सामने घटना की कहानी** - ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक अतुल तिवारी और मृतिका लल्लाबाई के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों पहले से शादीशुदा हैं, अतुल तिवारी के दो बच्चे हैं जबकि लल्लाबाई के चार बच्चे हैं जिनकी शादी हो चुकी है। पिछले कुछ समय से लल्लाबाई द्वारा अतुल से 5 बीघा जमीन मांगी जा रही थी, जिसको लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़ा भी हुआ। स्थानीय लोगों की मानें तो मृतक अतुल तिवारी के माता-पिता महोबा में रहते हैं और मृतक की पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई थी। 21 जून को लल्लाबाई दिदवारा से ग्राम पुरा अतुल के घर पहुंची थी, जहां काफी देर तक वह अतुल के घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास करती रही। जब दरवाजे नहीं खुले तो लल्लाबाई छत के रास्ते घर में दाखिल हुई थी। इससे आगे की कहानी अतुल की जेब से मिले सुसाइड नोट से सामने आई है। सुसाइड नोट में मृतक अतुल तिवारी के हवाले से उल्लेख है कि लल्लाबाई को उसके पति मलहू बेड़िया ने उसके घर भेजा था। घर आने के बाद पहले लल्लाबाई ने उसके साथ मारपीट की और जमीन उसके नाम करने के लिए कहा। जब लल्लाबाई का गुस्सा शांत हुआ तब उसने अतुल से शराब लाने के लिए कहा। इसके बाद अतुल शराब लेने के लिए गया और कुछ समय बाद जब वापिस लौटा तो लल्लाबाई फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सुसाइड नोट में लिखा गया है कि लल्लाबाई के फंदे पर लटका देख अतुल घबरा गया था और उसने तुरंत लल्लाबाई को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### इनका कहना है

पठा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मामला सामने आया है उसकी जांच की जा रही है दो शव मिले हैं एक घर के अंदर, एक खेत पर। प्रथम दृष्टया सोसाइड नोट मिला है। पीएम करवाया गया है पीएम के आधार पर आगे की कार्यवाही होगी।

**अगम जैन, पुलिस अधीक्षक**

**खबर संक्षेप**

## पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ पात्र रोगियों को दें - कलेक्टर



**रीवा !** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि आयुष्मान कार्डधारी रोगी तथा गंभीर रोगियों को आवश्यक होने पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दें। इसके लिए जिला स्तर पर समयबद्ध प्रक्रिया की निर्धारित करें। जिला चिकित्सालय तथा मेडिकल कालेज में इसके लिए नोडल अधिकारी तैनात करें। रोगी को उपचार की तत्काल सहायता प्राप्त हो सके इसके लिए प्रक्रिया तत्काल पूरी कराकर एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। जो भी गंभीर रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति हो उसे पीएम श्री एंबुलेंस सेवा का लाभ देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे हर पात्र रोगी इसका लाभ ले सके। आयुष्मान कार्डधारी रोगी को राज्य के भीतर और बाहर सभी सरकारी अस्पतालों में एयर एंबुलेंस से निःशुल्क परिवहन की सुविधा है। दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुसंशा पर कलेक्टर द्वारा संभाग के अंदर के सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। संभाग के बाहर के अस्पतालों के लिए आयुक्त स्वास्थ्य मंजूरी देंगे। एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलने से गंभीर रोगियों के उपचार में देरी नहीं होगी। बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ अग्रवाल ने एयर एंबुलेंस की सुविधा देने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, डॉ एमएल गुप्ता, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली में लाएं तेजीः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में राजस्व अनुविभागवार राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप प्रथम त्रैमास की वसूली सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी को मासिक राजस्व वसूली के लक्ष्य दिए जाएं तथा उन्हें पूरा कराया जाए। लक्ष्य प्राप्त नही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## युवाओं ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन

**उमरिया।** चन्देलों की बेटी थी, गौंडवाने की रानी थी, चण्डी थी, रणचण्डी थी, वह दुर्गावती भवानी थी।अपनी अंतिम सांस तक मुगलों को नाकों चने चबवाने वाली, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया रेलवे चौराहे पर स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर एवं नारे बाजी करके उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि शेरनी थी वह इस माटी की, जिससे हर दुश्मन थर्राते थे! शत्रु भी जिसकी जय बोल उठे,वह वीरांगना दुर्गावती थी। महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता एक नई इबारत लिखी। रानी दुर्गावती ने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।रानी दुर्गावती गोंडवाना अंचल ही नहीं पूरे देश की शान थीं। उनका शौर्य आज भी अनुकरणीय और नारी शक्ति के गौरव व गरिमा का प्रतीक है।

### आयुष्मान कार्डधारी गोविंदलाल को निःशुल्क मिली एयर एंबुलेंस की सुविधा

# पीएम श्री एयर एंबुलेंस की सुविधा लेने वाले प्रथम रोगी बने रीवा के गोविंदलाल







**रीवा।** रोगी को समय पर उपचार सहायता मिल जाए तो उसके प्राणों का संकट दूर हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने आयुष्मान कार्डधारी रोगियों तथा दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को पीएम श्री एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा दी है। इस सुविधा का लाभ रीवा के गोविंदलाल तिवारी ने लिया। आयुष्मान कार्डधारी 50 वर्षीय गोविंदलाल तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए रीवा से भोपाल रवाना किया गया। मऊगंज जिले के देवतालाब के समीप ग्राम जुड़मनिया मुरली निवासी श्री तिवारी को 23 जनवरी की रात हृदय में पीड़ा हुई। उन्हें गंभीर हार्टअटैक हुआ। परिजन उन्हें तत्काल लेकर मेडिकल कालेज रीवा पहुंचे। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ। अपेक्षानुरूप सुधार न मिलने पर डॉक्टरों ने श्री तिवारी को भोपाल के लिए रेफर किया। श्री तिवारी को एयर एंबुलेंस के माध्यम से शाम 7 बजे भोपाल के लिए रवाना किया गया। उनके साथ में दो परिजन भी भोपाल गए हैं।गंभीर रोगी गोविंदलाल तिवारी की बहन श्रीमती सुनीता देवी ने बताया कि मेरे भाई को पिछली रात हार्टअटैक हुआ। उनका इलाज रीवा में मेडिकल कालेज में कराया गया। बेहतर इलाज के लिए हम लोगों ने भाई गोविंदलाल को भोपाल ले जाने की इच्छा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू की गई पीएम एयर एंबुलेंस सुविधा का हमे लाभ मिला। बिना किसी खर्च के हम उपचार के लिए अपने भाई को भोपाल तत्काल ले जा पा रहे हैं। इस सुविधा के लिए मैं मध्यप्रदेश सरकार, उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक गिरीश गौतम को हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। जिला प्रशासन ने समस्त व्यवस्थाएं तत्काल बनाकर हम लोगों को भोपाल भेजने की व्यवस्था की।

## संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला 26 जून

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया जा रहा है। इसके लिए 26 जून को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में वेसमेट इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा आईटीआई पास एवं 12वीं पास प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार का अवसर दिया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इसमें आईटीआई के 2022, 2023 और 2024 के विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है। बीएससी और बीकॉम पास विद्यार्थी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। कंपनी द्वारा जूनियर एसोसिएट के पद के लिए फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट तथा इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18-25 वर्ष होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो लेकर आना आवश्यक होगा। चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा।

# नीट परीक्षा निरस्त कर नये सिरे से आयोजित करे सरकारः ए.आई.एफ.बी.



**रीवा ।** नीट परीक्षा मे हुई गड़बड़ी को लेकर देश भर में इस परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के साथ ही. उनके अभिभावक परेशान हो रहे हैं। वहीं विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने नीट परीक्षा को लेकर केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक की गई कार्यवाही मात्र एक खानापूर्ति है। उन्होने आगे कहा कि यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और सरकार ने जिस तरह से एनटीए के महानिदेशक को हटाया है जो पेपर लीक होने का द्योतक है। परीक्षा में हुई गड़वड़ियों की जांच सीबीआई को सौपी जाना भी इस बात का सबूत है कि सरकार ने पेपर लीक होना स्वीकार कर लिया है। कल्चुरी ने कहा कि सरकार के अब तक की कार्यवाही से अन्याय का शिकार हुए छात्रों को कोई भी न्याय मिलता नहीं दिखता। नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों को न्याय तभी मिलेगा जब पूरी परीक्षा निरस्त कर दुबारा परीक्षा नये सिरे से आयोजित की जाय।

## पेंशन प्रकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें - कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा है कि 31 मई तक सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तत्काल प्रस्तुत करें। आवश्यक अभिलेखों के साथ पेंशन प्रकरण 30 जून तक संभागीय पेंशन कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। पूर्व से दर्ज पेंशन प्रकरणों में यदि किसी तरह की कमी है तो उसकी भी एक सप्ताह में पूर्ति कराकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर पेंशन प्रकरणों के निराकरण की टीएल बैठक में समीक्षा करें। कार्यालयों के निरीक्षण के समय भी लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी लें। यदि किसी कार्यालय में बिना उचित कारण के पेंशन प्रकरण लंबित पाया गया तो संबंधित कार्यालय प्रमुख और पेंशन शाखा के लिपिक के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में अब तक 21.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा !** जिले में एक जून से अब तक 21.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील हुजूर में 24.2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 12 मिलीमीटर, गुढ़ 4 मिलीमीटर, सिरमौर 40.2 मिलीमीटर, त्योंथर 8 मिलीमीटर, सेमरिया 27 मिलीमीटर, मनगवां 22 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 37 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष 24 जून तक 10.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## ग्राम पंचायत की निर्माणधीन पीसीसी रोड चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट



**मऊगंज।** एक और मध्य प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए दावा करती है लेकिन कुछ जिम्मेदार के द्वारा प्रदेश सहित जिले के आला अधिकारी की छवि को धूमिल करने में तुले हुए हैं ऐसा ही मामला मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खैरा क्रमांक 3 का आया है जहां पंचायत में निर्माण कार्य भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा दिया गया है। जहां सरपंच, सचिव एवं उपयांत्रिकी की मिली भगत से व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार एवं अनियमिता की जा रही है। ग्राम पंचायत के लोगों के द्वारा सीईओ के पास शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया है कि खैरा क्रमांक 2 के ग्राम पंचायत तीन के पुश्तैनी निवासी हैं जहां इस समय पीसीसी रोड सड़क महारानी मंदिर से हनुमान तिवारी के घर तक निर्माण किया जा रहा है।जिसमें गुणवत्ता विहीन पीसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है सड़क निर्माण में आईसीसी का क्रकरीट की जगह भस्सी सोलिंग लगभग 2 इंची की ऊंचाई वाली रोड का निर्माण किया जा रहा है।सड़क के बरसात के मौसम में बह जाने की पूर्ण संभावना है।जिसका विरोध ग्राम वासियों के द्वारा किया गया इस संबंध में जहां इंजीनियर के पास भी कई बार शिकायत की गई लेकिन सरपंच सचिव एवं इंजीनियर की मिली भगत से इस पीसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा वही बात की जाए पंचायत में मनरेगा में फर्जी मास्टर रोल भी जारी किए जा रहे हैं।जांच की जाए तो पंचायत में कई भ्रष्टाचार सामने आएंगे जिस पंचायत के जिम्मेदार सहित इंजीनियर की मिलीभगत सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर जांच नहीं होगी तो जिला कलेक्टर के पास शिकायत की जाएगी। बात की जाए हनुमना जनपद पंचायत सीईओ इन दिनों बैसाखी प्रभारी के भरोसे चल रहा है क्योंकि प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ का ज्यादातर समय जिला रीवा मुख्यालय में ही रहते हैं।

# स्कूल चले अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित स्कूलों के नहीं खुल रहे ताले, नहीं बन रहा मध्यान भोजन

**मऊगंज।** प्रदेश भर में प्रवेशोउत्सव कार्यक्रम स्कूलों में आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 18 जून से 20 जून तक मनाने की घोषणा की गई थी,और खुद मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा स्कूल में प्रवेशोउत्सव मनाया गया एवं जिले के कलेक्टर द्वारा शहर के स्कूलों में प्रवेशोउत्सव मनाया गया, और छात्रों को तिलक लगाए गए एवं पुस्तके वितरित की गई। किंतु मऊगंज जिले के अधिकतर विद्यालयों के ताले ही नहीं खुल रहे है।केवल हायर सेकेंडरी स्कूलों में 2-4 टीचरों की उपस्थिति देखी जा रही है। संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के ताले नहीं खुल रहे है। साथ में ही विद्यालयों में विशेष भोजन की व्यवस्था होना तो दूर मध्यान भोजन बनाने के लिए विद्यालय के रसोई में चूल्हे तक नहीं जले। जिससे जिलाशिक्षा अधिकारी,जिला प्रशासन की व्यवस्था पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। इसी तरह संकुल के प्राचार्य द्वारा प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोउत्सव ना मनाए जाने की अनदेखी की गई है।जबकि प्राथमिक विद्यालय मे कक्षा 1 मे सबसे अधिक प्रवेश लिए जाते है,इसी तरह पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे कक्षा 6मे प्रवेश लिए जाते है।लेकिन मऊगंज जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में वही पुराना ढर्रा आज भी कायम है। और विद्यालयों में ताले बंद है। जिला प्रशासन का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

## मानसिक रूप से विकसित बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु साक्षात्कार 26 जून को

**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के गृह में प्रवेश 18 जून से प्रारंभ हो गया है। इच्छुक अभिभावक दिव्यांग बच्चों को प्रवेश दिलाने हेतु आवेदन 26 जून को दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए साक्षात्कार 26 जून को ही दोपहर 12.30 बजे से होगा।

अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 6 से 12 वर्ष के बीच हो, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा 40 प्रतिशत विकलांगता प्रमाण पत्र, बच्चे को संक्रामक रोग न हो तथा उसे शौच आदि संबंधी आदतें भली-भांति आती हो। आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, चाइल्ड समग्र आईडी कार्ड, यूआईडी, परिवार समग्र आईडी, मोबाइल नम्बर, बैंक खाता नम्बर तथा जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मोबाइल नम्बर 9893925290, 9303941665, 9179212330 एवं 9981222900 से प्राप्त की जा सकती है।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच आज सिरमौर में करेगी सुनवाई

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। इनका पंजीयन सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन में शुरू हो जाएगा। शिविर की कार्यवाही सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत दिए गए अधिकारों का लाभ देने के लिए प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाना है। आयोग की बेंच सुनवाई के दौरान बच्चे, उसके माता-पिता, संरक्षक अथवा बच्चे की देखभाल करने वाले द्वारा प्रस्तुत शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, एसिड हमले के पीड़ितों, निराश्रित बच्चों, शारीरिक दुर्व्यवहार और शोषण से पीड़ित बच्चों तथा घरेलू हिंसा के शिकार बच्चों के प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में पुलिस द्वारा बच्चों के दुर्व्यवहार, अवैध दत्तक ग्रहण, बच्चों के खिलाफ हिंसा, बच्चे की तस्करी, सड़कों पर बेसहारा तथा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों, दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी। बच्चों के कल्याण से जुड़ी योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी विभाग शिविर में उपस्थित रहेंगे।

# सुन्दरकाण्ड परिवार के तत्वाधान में 101 पौधे लगाये गए





**रीवा।** सुन्दरकाण्ड परिवार में तत्वाधान में आज विंध्यांचल कॉलोनी पुलिस लाइन रीवा में 101 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की मुहीम की शुरुवात की गई जिसमे आम आवंला, जामुन, नीम, पीपल कटहल अमरुद आदि के पेड़ सभी सदस्यों द्वारा लगाये गए, इसके पश्चात सुन्दरकाण्ड परिवार के सभी सदस्यों द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया ! विदित हो की सुन्दरकाण्ड परिवार शहर में धार्मिक आयोजनों के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी कार्यक्रम आयोजित करता है वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस लाइन के आला अधिकारी उपस्थित रहे एवं सुन्दरकाण्ड परिवार रीवा के संयोजक अतुल श्रीवास्तव ,अध्यक्ष पूनम मिश्र, संरक्षक ममता सिंह, उपाध्यक्ष राखी पाण्डेय, सचिव कोमल मोटवानी, डॉ विकास श्रीवास्तव, प्रगति श्रीवास्तव, मंजूषा तिवारी, दीपाली सिंह, रूचि त्रिपाठी, मीना सिंह, नीतू पाठक सियाराम दरबार से बाबा जी, सुधीर तिवारी, इत्यादि सदस्यों ने बढ़ चढ़कर वृक्षारोपण में अपना योगदान दिया।

## शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर नगर निगम अधिकारियो की कार्यवाही झोर शोर से





**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 24.06.2024 को उर्रहट में स्थित उप्पल मोटर्स एवं नेशनल हास्पिटल द्वारा निर्माण कार्य हेतु सड़क पटरी पर गिट्टी का ढेर लगाये जाने से यातायात बाधित हो रहा था जिस पर अतिक्रमण प्रभारी द्वारा रू. 500-500 की चालानी के साथ 5 ट्राली गिट्टी की जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही कहा गया कि दुबारा अतिक्रमण किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। धोबिया टंकी से बिछिया हास्पिटल तक एवं शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।